Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of an airport at Saharanpur.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : महोदया, सहारनपुर उत्तर प्रदेश का उत्तर-पश्चिम का क्षेत्र है और सीमांत जनपद है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 700 किलोमीटर की दूरी पर है और इलाहबाद हाईकोर्ट से 900 किलोमीटर की दूरी पर है। सहारनपुर में विख्यात माँ शाखुम्बरी देवी का मंदिर है, लकड़ी उद्योग है, आईटीसी की फैक्टरी है, स्टाम्प पेपर मिल सहित अनेक बड़े उद्योग हैं। वहां बहुत प्रसिद्ध कपड़ा मार्केट भी है और इस वजह से हजारों व्यापारियों और अन्य लोगों का आना जाना सहारनपुर लगा रहता है। मैं कहना चाहता हूं कि सहारनपुर से सबसे निकट हवाई अड्डा देहरादून का जोली ग्रांट हवाई अड्डा है, जो कि 97 किलोमीटर की दूरी पर है और हवाई अड्डा चंडीगढ़ का है, जो 140 किलोमीटर की दूरी पर है। सहारनपुर पहुंचने के लिए बहुत समय लगता है, समय का भारी अपव्यय होता है और लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सहारनपुर में सरसावा के अंदर वायुसेना का बहुत विशाल रन-वे है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि रीजनल कनेक्टिविटी योजना - उड़ान यानी ◌उड़े देश का आम नागरिक ◌ योजना के अंतर्गत इस हवाई पट्टी पर सिविलियन टर्मिनल बनाकर सहारनपुर से दिल्ली, लखनऊ और इलाहाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू कराई जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी,

कुंवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राघव लखनपाल द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।